

यशराज फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बंटी और बबली 2' रिलीज के पहले दिन अपने मेकर्स और अपने ब्रांड के अनुरूप बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन नहीं कर सकी।


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक-284 ● कटनी ● शनिवार, 20 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कृष्ण पक्ष प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in


# अव्वल इंदौर को राष्ट्रपति कोविंद ने दिया पुरस्कार

*नई दिल्ली। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने आज देश के 342 साफ शहरों को सम्मानित किया। इन शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में स्वच्छ और कचरा मुक्त होने के लिए कुछ स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है। दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इंदौर शहर को पांचवी बार स्वच्छ शहर का सम्मान मिला है। राष्ट्रपति कोविंद ने इंदौर के अधिकारी को पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह सम्मान आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा स्वच्छ अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।*

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत भारत को कचरा-मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टकोण की तर्ज पर कचरा-मुक्त शहरों की श्रेणी के तहत प्रमाणित शहरों को इस समारोह में भी पुरस्कृत किया गया है।

### पांच करोड़ से अधिक आए फीडबैक

मंत्रालय के अनुसार, इस बार के स्वच्छ सर्वेक्षण में 4320 शहरों को शामिल किया गया है जो दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण है. साल 2016 में इस कदम की शुरुआत पर सिर्फ 73 प्रमुख शहरों को सर्वेक्षण में शामिल किया गया था। मंत्रालय ने कहा कहा, ''इस साल के सर्वेक्षण की सफलता इस बार नागरिकों से मिले फीडबैक की संख्या के आधार पर आंकी गई है। इस बार पांच करोड़ से अधिक फीडबैक आए। यह संख्या पिछले साल 1.87 करोड़ थी।''



### शहरों को तीन श्रेणियों में बांटा गया

2018 में केवल 56 शहरों में से कुछ को ही स्टार रेटिंग सर्टिफिकेशन से सम्मानित किया गया था। हालांकि, इस साल यह संख्या कई गुना बढ़कर 342 शहरों तक हो गई है। तीन श्रेणियों में शहरों को बांटा गया है। इसमें फाइव-स्टार शहर, थ्री-स्टार शहर और वन-स्टार शहर की कैटेगरी बनाई गई है। इसमें 9 शहरों को फाइव स्टार, 166 को थ्री स्टार और 167 शहरों को वन स्टार की श्रेणी में रखा गया है । इसके अलावा, इस साल की सर्टिफिकेशन प्रोसेस में भी 2,238 शहरों की भागीदारी है, जो शहरी भारत की कचरा-मुक्त भारत के दृष्टिकोण के प्रति संकल्प को दर्शाता है।

### शिवराज बोले-अरे वाह भिया, छा गया अपना इंदौर फिर से

इंदौर में लगातार पांचवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल कर लिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया है। इंदौर के स्वच्छता का पंच लगाने पर सीएम शिवराज बोले-अरे वाह भिया, छा गया अपना इंदौर फिर से सीएम ने कहा कि इंदौर अद्भुत है,गजब है। धन्य है इंदौर की जनता,इंदौर की जनता को मेरा प्रणाम, 5वीं बार स्वच्छता में शीर्ष पर बनाए रखा। बधाई जनप्रतिनिधियों को,सांसद,विधायक, प्रशासन,स्वच्छता कर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों को।

## फटाफट खबरें



### भारत में निवेश के बेहतरीन अवसर, अमेरिका से संबंधों पर USIBC प्रमुख ने कहा

**नई दिल्ली।** भारत- अमेरिका व्यावसायिक परिषद की अध्यक्ष निशा देसाई बिस्वाल ने कहा है कि भारत में निवेश के अवसरों पर बात की। भारत और अमेरिका के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। भारत में पीएलआई योजनाओं का विस्तार निश्चित तौर पर सराहनीय है। बिस्वाल ने कहा कि मैं भारत में अधिक आपूर्ति श्रृंखला और अधिक विनिर्माण को आकर्षित करने की सरकार की इच्छा का समर्थन करती हूं। भारतीय कंपनियों द्वारा लाई गई प्रमुख चिंताओं में श्रम और आप्रवासन नीतियां शामिल हैं, जो कि भारतीय कंपनियों को एच1बी1 वीजा आदि के माध्यम से भारत से स्रोत प्राप्त करने में सक्षम बनाती हैं।

### बीएसएफ पर विवादित टिप्पणी: दिलीप घोष ने अपर्णा सेन को बताया देशद्रोही

**कोलकाता।** पद्म श्री पुरस्कार विजेता अपर्णा सेन ने बीते सोमवार को कोलकाता के प्रेस क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में क्र्स्न पर टिप्पणी की थी। जिसमें उन्होंने केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी के कर्मियों को कथित रूप से 'बलात्कारी' और 'हत्यारा' कहा था। इस बयान के बाद सेन को बीजेपी नेता अनिर्बान गांगुली ने कानूनी नोटिस भेजा। अब इस मामले में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। दिलीप घोष ने एएनआई से कहा- वे देशद्रोही हैं... देश के पक्ष में जो कुछ भी है, वे उसका विरोध करते हैं। चाहे भारतीय परंपरा हो या हिंदुत्व। ये वही लोग हैं जो देश से शोहरत, दौलत कमाते हैं।

### बिना कैबिनेट मंजूरी बना और निरस्त कर देते हैं कानून

**नई दिल्ली।** पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर कथित तौर पर बिना कैबिनेट मंजूरी के कृषि कानूनों को रद्द करने के फैसले को लेकर पीएम मोदी पर निशाना साधा है। आरोप लगाया कि सिर्फ भाजपा की सरकार में कैबिनेट की मंजूरी के बिना कानून बनाए और निरस्त किए जाते हैं।

## रेलवे ट्रैक पर बम विस्फोट, पटरी से उतरा इंजन, लातेहार में ट्रेनों की आवाजाही ठप



**धनबाद।** भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के नेता प्रशांत बोस और उनकी पत्नी शीला मरांडी की गिरफ्तारी के विरोध में भारत बंद का आह्वान किया है। इस दौरान झारखंड के कई जिलों में नक्सलियों ने ट्रेनों को निशाना बनाया है। 12 घंटे के भीतर नक्सलियों ने दो बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। झारखंड के धनबाद में रेलवे ट्रैक पर बम विस्फोट से उड़ा दिया। घटना के बाद डीजल लोकोमोटिव का इंजन पटरी से नीचे उतर गया। वहीं, लातेहार में भी नक्सलियों ने ट्रैक को विस्फोट कर उड़ा दिया है। प्राप्त सूचना के अनुसार, नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। राहत की बात है कि इस वारदात में किसी की मौत या चोट नहीं आई है। मौके पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस प्रशासन पहुंच चुके हैं और ट्रैक को सुधारने का काम चल रहा है। बीते दिनों झारखंड में नक्सलियों ने तांडव मचाया था। इनामी नक्सली के विरोध में नक्सलियों का तांडव माओवादी पोलित ब्यूरो सदस्य और एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रशांत बोस और उनकी पत्नी शीला मरांडी की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने 19 नवंबर से 20 नवंबर की रात तक भारत बंद रखने का एलान किया है। नक्सलियों ने टोरी रिचुघुटा डेम स्टेशन का रेलवे ट्रैक उड़ा दिया, जिसके कारण कई ट्रेनों के रूट में बदलाव किए गए हैं। साथ ही इसे लेकर राज्यभर में पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है. सुरक्षा एजेंसियों को पूरी तरह चौकस रहने का निर्देश है।

## पूरी गहलोत कैबिनेट दे सकती है इस्तीफा, रविवार को शपथ ग्रहण



**नई दिल्ली।** राजस्थान में कैबिनेट फेरबदल की सुगबुगाहट तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि रविवार को कैबिनेट फेरबदल हो सकता है। इसको लेकर शनिवार शाम को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी मंत्रियों की अहम बैठक बुलाई है। समाचार एजेंसी,हृह्व ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि राजभवन में रविवार शाम 4 बजे शपथ ग्रहण हो सकता है। चर्चा है कि अशोक गहलोत कैबिनेट के सभी मंत्री इस्तीफा दे सकते हैं और रविवार को नए मंत्रिमंडल का गठन कर दिया जाएगा। नए मंत्रिमंडल में सचिन पायलट समर्थकों को शामिल किया जाएगा। इससे पहले अशोक गहलोत कैबिनेट के तीन वरिष्ठ मंत्री, गोविंद सिंह डोटासरा, हरीश चौधरी और रघु शर्मा पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपना इस्तीफा सौंप चुके हैं। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र रविवार को जयपुर पहुंच रहे हैं। कहा जा रहा है कि उनके जयपुर लौटने के बाद शाम 4 बजे शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। राजस्थान के शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों पर बात की। उन्होंने कहा कि राजस्थान कांग्रेस में कोई खेमेबाजी नहीं है और यह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का विशेषाधिकार है कि वह कैसे मंत्रिमंडल का पुनर्गठन करते हैं। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राजस्थान कैबिनेट में राजनीतिक नियुक्तियां जल्द ही होंगी। मंत्री पद से अपने इस्तीफे पर गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा, यह सच नहीं है कि मैं अपना इस्तीफा सौंपने से नाखुश हूं। मैं पहले भी अपना इस्तीफा देने की पेशकश कर चुका हूं।



### डीजीपी कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ में चल रही डीजीपी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं। डीजीपी कॉन्फ्रेंस देर शाम तक चलेगी। प्रधानमंत्री लंच और डिनर डीजीपी मुख्यालय में ही करेंगे। प्रधानमंत्री के अलावा गृह मंत्री और दोनों गृह राज्य मंत्री कॉन्फ्रेंस में मौजूद हैं। पीएम मोदी रविवार को सम्मेलन के समापन समारोह में शामिल होने के बाद दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इससे पहले, डीजीपी कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए लखनऊ पहुंचे प्रधानमंत्री का गृहमंत्री मुख्यमंत्री कई नेताओं ने स्वागत किया।

## तीन बच्चों समेत अब तक 17 की मौत

### आंध्र प्रदेश में मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाई



**बेंगलूरू।** आंध्र प्रदेश में मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाके रखी है। जानकारी के मुताबकि, भारी से भारी बारिश के चलते अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 100 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश की वजह से यहां का बुरा हाल है। कई इलाकों में मकान ढहने की खबर है। देर रात भारी बारिश के कारण अनंतपुर जिले के कादरी इलाके में एक पुरानी तीन मंजिला इमारत गिरने से तीन बच्चों और एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। इमारत के मलबे में अब भी चार से ज्यादा लोग फंसे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अंचल निरीक्षक सत्यबाबू ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। वहीं, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तिरुपति के टैंपल टाउन का है, जिसमें दिखाया जा रहा है कि बाढ़ के चलते सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। तिरुपति के बाहरी इलाके में स्थित स्वर्णमुखी नदी में बाढ़ आ गई है और जलाशयों में पानी भर गया है। कई लोगों के बाढ़ में फंसे होने की खबर है। घाट रोड और तिरुमाला हिल्स के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। स्थिति को संभालने के लिए राष्ट्रीय और राज्य आपदा राहत टीमों को तैनात किया गया है और बचाव कार्य जोरों पर है।

### वैन-टैंकर की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में सुबह सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। जिले के वलाना गांव में वैन और टैंकर की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे वतामन को भावनगर से जोड़ने वाली सड़क पर हुई। 'वैन में आठ लोग सवार थे। ये सभी आणंद खंभात जा रहे थे।

## थाना में बैठे ऑन डियूटी बजावे पांडेजी सीटी

### बुरहानपुर कोतवाली पुलिस के डांस का वीडियो वायरल



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में डांस करते पुलिसकर्मियों का एक वीडियो वायरल हो गया है। जिले के कोतवाली थाने के लोकार्पण अवसर के बाद न केवल पुलिसकर्मियों ने ठुमके लगाए, बल्कि मौज-मस्ती करते नजर आए। वायरल वीडियो 42 सेकंड का है। इसमें पुलिसकर्मी दबंग फिल्म के गाने - थाना में बैठे, पांडेजी बजावे सीटी... पर डांस करते नजर आ रहे हैं। सीटी भी बजा रहे हैं। दरअसल, कोतवाली थाने की बिल्डिंग को नया स्वरूप दिया गया है। इसके ही लोकार्पण अवसर पर पुलिसकर्मी खुश और मस्ती करते नजर आ रहे हैं। कोतवाली थाने की पुरानी इमारत जर्जर हो गई थी। लंबे समय से उसमें बदलाव की जरूरत थी। इस पर जिले के पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा ने जनसहयोग से इसका कायापलट करने की ठानी। करीब 18 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित कोतवाली थाने का लोकार्पण गुरुवार को किया गया। छप्पर वाले पुराने जर्जर भवन और कबाड़ के बजाय अब यहा नया भवन तैयार हो गया है। लॉकअप, वेटिंग रूम, वर्किंग रूम सहित अन्य कक्षों के निर्माण में भी तकनीकी बिंदुओं को ध्यान में रखा गया है। छोटा-सा बगीचा तैयार किया जा रहा है।

## प्रियंका का मिशन लखीमपुर जारी



**लखीमपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि कानून बिल को वापस लेने की घोषणा तो जरूर कर दी, लेकिन कांग्रेस इस मुद्दे को छोड़ने वाली नहीं है। कम से कम प्रियंका गांधी की शनिवार सुबह हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रियंका गांधी ने जिस तरीके से लखीमपुर खीरी में हुए किसानों के नरसंहार मामले को प्रधानमंत्री मोदी के लखनऊ दौरे के दौरान उठाया, उससे एक बात स्पष्ट है कि कांग्रेस ने लखीमपुर खीरी मामले में पूरी तरीके से आक्रामक रुख अख्तियार किया हुआ है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक लखीमपुर मामले में प्रियंका गांधी ने अपनी कोर कमेटी के साथ कुछ चुनिंदा बिंदुओं पर चर्चा की है, जिसे अगले कुछ दिनों में अमल में लाया जाएगा।

### अजय मिश्रा को मंत्रिमंडल से करें बर्खास्त

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी और कोर कमेटी ने यह तय किया है कि अगले कुछ दिनों में लखीमपुर में जान गंवाने वाले किसानों के परिवार से उनकी कमेटी के सदस्य न सिर्फ मिलेंगे, बल्कि मृतकों के परिवारवालों की ओर से भी इस बात को लेकर आवाज उठाई जाएगी कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए।

## पेंशन व ब्याज दरों पर फैसला आज, राहत मिलेगी




**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के खाताधारकों को 2021-22 में मिलने वाली ब्याज दरों पर शनिवार को फैसला हो सकता है। ईपीएफओ ने दिल्ली में होने वाली सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक का सर्कुलर जारी कर दिया है और सदस्यों के लिए एजेंडा भी तय कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने मौजूदा न्यूनतम पेंशन को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये करने की मांग रखी है। हालांकि, सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी न्यूनतम पेंशन को 3,000 रुपये बढ़ा सकता है। चालू वित्तवर्ष के लिए ईपीएफ में जमा राशि पर ब्याज दरों पर भी फैसला हो सकता है, जो 8.50 प्रतिशन है। माना जा रहा है कि इसे बरकरार रखा जाएगा।

## 32 किसान संगठनों की अहम बैठक आज आंदोलन पर ले सकते हैं बड़ा फैसला



**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों की वापसी के एलान के बाद पंजाब के 32 किसान संगठनों की आज बैठक होने जा रही है। दोपहर 2 बजे पंजाब के किसान संगठनों की बैठक होगी। बैठक में आगे की रणनीति तैयार करने पर मंथन किया जाएगा। वहीं, संयुक्त किसान मोर्चा (स्र्यरू) की आज होने वाली बैठक टल गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, रविवार को सिंघू बार्डर पर 1 बजे संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक होगी। बैठक के बाद किसानों की अगली रणनीति का एलान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कानूनों को वापस लेने का एलान किया। पीएम मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए एक साल से ज्यादा समय से कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों से आंदोलन खत्म करने की अपील की और अपने खेत व परिवार के बीच लौटने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि अगले महीने संसद के शीतकालीन सत्र में तीनों कृषि कानून को वापस लेने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इधर, कुछ किसान संगठनों ने मोदी सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। वहीं, किसान संयुक्त मोर्चा ने आंदोलन खत्म नहीं करने का एलान किया है।

## मैदान पहुंचा फैन, छुए रोहित शर्मा के पैर



**रांची।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला रांची में खेला गया। भारत की टी-20 टीम का कप्तान बनने के बाद रोहित शर्मा ने सकारात्मक शुरुआत की है। दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को हराने के बाद भारत ने इस सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली। टीम इंडिया ने जब जीत हासिल की उस समय 20 गेंदें फेंकना बाकी थीं। भारत की ओर से रोहित शर्मा और केएल राहुल ने अर्धशतक जड़े। जब टीम इंडिया फील्डिंग कर रही थी तो इस मुकाबले में एक अदुभुत नजारा देखने को मिला। रोहित शर्मा का एक फैन चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को भेदकर उनके पास मैदान पर जा पहुंचा और उनके पैर छूने की कोशिश की। न्यूजीलैंड की पारी चल रही थी। ऐसे में रोहित शर्मा मैदान पर फील्डिंग कर रहे थे। इस दौरान उनका फैन भी उसी तरफ था जिस ओर रोहित मैदान पर मौजूद थे। हिटमैन के फैन ने सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर मैदान पर प्रवेश कर रोहित के पास पहुंच गया। इस दौरान उसने रोहित के पैर छूना चाहे लेकिन हिटमैन ने उसे ऐसा दूर से करने के लिए कहा। इसके बाद फैन ने जमीन पर लेटकर रोहित शर्मा को प्रणाम किया। रोहित ने फैन से कहा कि यह कोविड का समय है और अगर कोई बाहर का व्यक्ति उन्हें छुएगा तो उन्हें क्वारंटीन रहना पड़ेगा। क्योंकि यह बायो-बबल का समय है जिसे क्रिकेटर बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। इस दौरान सुरक्षा गार्ड भी रोहित के फैन का पीछा करता नजर आया। इससे पहले वह उसे पकड़ता रोहित का फैन मैदान से बाहर हो गया। हिटमैन के इस फैन का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया वायरल हो रही हैं।

### लड्डू गोपाल का हाथ टूटा, खूब रोया पुजारी, अस्पताल लाया गया, हुई मरहम पट्टी



**आगरा।** हिंदू धर्म में कहा गया है कि भगवान भाव के भूखे होते हैं। इसकी जीवंत उदाहरण यूपी के आगरा में देखने को मिला है। यहां खेरिया मोड़ स्थित एक कृष्ण मंदिर में ऐसा ही देखने को मिला। लेख सिंह 35 साल से मंदिर में पुजारी हैं। लेख सिंह के मुताबिक, शुक्रवार सुबह जब उन्होंने स्नान के लिए लड्डू गोपाल को उठाता तो उनका हाथ टूट गया। इस पर पुजारी बैचेन हो उठे। वो लड्डू गोपाल को टोकरी में बैठाकर भागे-भागे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों से गुहार लगाई कि उनके लड्डू गोपाल का हाथ टूट गया है, जल्दी इलाज किया जाए, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस पर पुजारी जोर-जोर से रोन लगे। दीवार पर अपना सिर पटकरने लगे। इसके बाद एक सज्जन आगे आए, पर्ची कटवाई, लड्डू गोपाल को डॉक्टर के पास ले गए, उनकी मरहम पट्टी करवाई गई।




# अब समूह की महिलाओं द्वारा की जायेगी जल सप्लाई की व्यवस्था एवं जल प्रभार की वसूली





**कटनी।** आजादी के 75वे अमृत महोत्सव अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है एवं स्वसहायता समूह के सदस्यो को नई जिम्मेदारी सौपी जा रही है। इस दिशा मे कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे के मार्गदर्शन मे स्वसहायता समूहो को ग्रामीण जल प्रदाय योजना क्रियान्वयन एवं प्रबंधन के कार्य मे शामिल किया जा रहा है इसी कडी मे 18 नवम्बर को जिला पंचायत सभागार मे ग्रामीण जल प्रदाय योजना क्रियान्वयन एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला मे जिले अंतर्गत समस्त विकासखण्डो से 46 सदस्यो ने भाग लिया। इस कार्यशाला मे सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे ने उपस्थित सदस्यो को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी जल जीवन मिशन के उद्देश्य को समझते हुए ईमानदारी पूर्वक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। नियमानुसार अनुशासन मे रहकर अपने कार्य करें, व्यवहार कुशलता से हर घर तक जल पहुचे व उपयोगकर्ताओ द्वारा निर्धारित समय पर बिल का भुगतान करें, इसके लिए समूह के सदस्य निरंतर संपर्क कर, कर वसूली एवं अन्य व्यवस्थायें बनाने मे सहयोग करेगे।

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम द्वारा बताया गया की महिला सशक्तिकरण हेतु नित्य नए काम शासन प्रशासन द्वारा सौपे जा रहे हैं। इसी कडी मे नल जल योजना का संचालन भी स्वसहायता समूह को सौंपे जा रहे हैं। इन कार्यो से महिला सशक्तिकरण को बल बनेगा एवं आत्म विश्वास मे वृद्धि होगी। कार्यशाला मे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार विवेक सिंह द्वारा जलराशि, पेयजल एवं स्वच्छता समिति का गठन, नल जल योजना अंतर्गत कनेक्शन के प्रकार, जल कर राशि, पेयजल की उपयोगिता, पेयजल की शुद्धता पर विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। साथ ही स्वंय सिद्धा समिति जिला परियोजना समन्वयक नंद किशोर कुशवाहा द्वारा नलजल योजना का व्यापक प्रचार प्रसार, जन जागरूकता का कार्यक्रम, जल संरक्षण, सवंर्धन व जलप्रदाय की सर्विस लाइन मे होने टूटफूट की मरम्मत एवं अन्य व्यवस्थाओ के संबंध मे विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदाय की। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन कमलेश सैनी द्वारा जल संरक्षण एवं सवंर्धन के साथ साथ स्वच्छता का भी ध्यान रखा जाए इन पहलुओ से संबंधित चर्चा की गई। जिला प्रबंधक कृषि एनआरएलएम रामसुजान द्विवेदी द्वारा नलजल योजना का उद्देश्य, क्रियान्वयन स्वसहायता समूह एवं ग्राम संग्ठन की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



## कॉपी-पेन और टाटपट्टी मिली बरगवां शाला के बच्चों को

**कटनी।** शासकीय माध्यमिक शाला बरगवां आज जांयट्स ग्रुप आफ कटनी सहेली द्वारा बच्चों को कॉपी पेन और सबसे जरूरी चीज ठंड में उनको बैठने के लिए टाटपट्टी स्कूल को दी गई जिसको बच्चे पाकर बहुत खुश हुए कि उनको ठंड से बचने के लिए टाटपट्टी मिल गई। प्रिंसिपल ममता कोरी ने कहा कि अच्छा लगा आज किसी समाजसेवी संगठन ने आकर बच्चों की जरूरतों को समझा और उनको यह सारी चीजें दी। जांयट्स सहेली ने वादा किया है कि हर महीने बच्चों के बीच में आकर कुछ ना कुछ प्रोजेक्ट जरूर करेंगे। बच्चों के बीच में बच्चों को जिस चीज की जरूरत होगी वह सहेली ग्रुप द्वारा दी जाएगी। सहेली प्रिया श्रीवास्तव, रीता जोशी, दीपिका शर्मा, संगीता मिश्रा, सारिका सोनी, स्कूल का स्टाफ रजनी परिहार शैलेश श्रीवास्तव, सपना मिश्रा, कृष्णा गुप्ता, फिरदोस अंसारी ब सभी सहेलियों का सहयोग रहा।



# जिला न्यायालय परिसर में पोस्ट ऑफिस और अस्पताल की मांग

### कटनी पहुंचे उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायाधिपति एवं जिला न्यायालय के पोर्टफोलियो जज का आत्मीय स्वागत



**कटनी।** उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायाधिपति एवं जिला न्यायालय के पोर्टफोलियो जज श्री अतुल श्रीधरन का विगत दिवस जिला न्यायालय में आगमन हुआ। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं अन्य अधिवक्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।


जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला ने जिला न्यायालय में लेबर कोर्ट, रेलवे कोर्ट, जिला अधिवक्ता संघ में महिला अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ताओं के बैठने हेतु अतिरिक्त भवन, अधिवक्ताओं के चेंबर एवं जिला न्यायालय परिसर में पोस्ट ऑफिस और अस्पताल की मांग की। माननीय न्यायाधिपति द्वारा शीघ्र ध्यान दिए जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ सदस्य डीआर रजक, आलोक जैन, हरी प्रसाद कुशवाहा, अरुण मिश्रा, अशोक मिश्रा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, उपाध्यक्ष रविंद्र जायसवाल, जीत जायसवाल, सहसचिव कोषाध्यक्ष मीत धवल, पुस्तकालय प्रभारी संदीप नायक, कार्यकारिणी सदस्य रवि राजपूत, मीना सिंह बघेल, रंजीत सिंह चौहान, दुष्यंत गुप्ता, जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य संजय बक्शी, आकाश जैन, राजेश लखेरा, आशीष दुबे, लोकेंद्र दुबे, प्रीति दीक्षित, पंकज नामदेव, अमित गुप्ता, अविशय कुशवाहा, अभिलाष पांडे, अवनीश तिवारी, गोलू चतुर्वेदी, गीत धवल एवं जिला अधिवक्ता संघ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## मुख्य डाकघर में 22 को होगा कार्यक्रम

**कटनी।** अपराजेय साधक आचार्य श्री की ही प्रेरणा से देशभर में कलात्मक पाषाण निर्मित अनेकों तीर्थो एंव जिनालयों की स्थापना की गई है। ऐसे महापुरुष के 22 नवंबर को 50वें आचार्य पदारोहण के अवसर पर पूरे देश भर में संस्कृति शासनाचार्य स्वर्ण महोत्सव 2021-22 के रूप में भारतवर्ष की समाज मनाने जा रही है। इसी उपलक्ष पर देशभर में जैन समाज ने स्थानीय पोस्ट ऑफिस से निवेदन करके महापुरुष की स्मृति व संस्कृति शासनाचार्य महोत्सव की स्मृति में स्पेशल कवर, कैंसिलेशन सील जारी करा रही है, जो वर्ष भर जारी होते रहेंगे। यह महोत्सव 22 नवंबर से 22 नवंबर तक पूरे वर्ष भर देश की समाज मनाएगी और समय-समय पर पूरे वर्ष भर स्पेशल कवर, कैंसिलेशन सील जारी होते रहेंगे। इसी कड़ी में आचार्य श्री के स्पेशल कवर एवं कैंसिलेशन शील का मुख्य डाकघर से दोपहर को 2:30 बजे से आचार्य श्री 108 कुलरत्न भूषण सागर जी महाराज के एवं डाकघर के मुख्य पोस्ट मास्टर एवं अतिथियों के एवं समाज की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित है।

# कल मनाया जाएगा विद्यासागर महाराज का स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस

### अभिषेक पूजन के बाद निकलेगा भव्य जुलूस



**कटनी।** दिगम्बर जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने बताया कि संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी के 50वे स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर कटनी में चार्तुमासरत आचार्य श्री 108 कुलरत्न भूषण जी महाराज के सानिध्य में कल रविवार 21 नबम्बर को दिगम्बर जैन समाज द्वारा अहिंसा तिराहा के पास जैन बोडिंग हाऊस में स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 5:48 बजे से अभिषेक पूजन के साथ प्रारम्भ होगा, इसके बाद भव्य जलूस निकलेगा। दोपहर 12:48 बजे से श्राविका संस्कार सम्पन्न होगा। दोपहर 3 बजे से आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज का भव्य पूजन सकल समाज द्वारा किया जाएगा। सभी जैन समाज जनों से अपील है कि समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को ग्राम सदलगा, तहसील चिक्कोड़ी जिला बेलगाम कर्नाटक में हुआ था। 30 जून 1968 को राजस्थान के अजमेर शहर में महाकवि ज्ञानमूर्ति आचार्य ज्ञानसागर गुरु महाराज से दिगम्बर दीक्षा धारण की। 4 वर्ष की कठिन साधना, कठोर तपस्या और ज्ञान आराधना करके गुरुदेव की परीक्षा में पास हुए, तब आचार्य गुरुवर ज्ञानसागर जी महाराज ने उन्हें 22 नवंबर 1972 को नसीराबाद, जिला अजमेर राजस्थान में अपना आचार्य पद देकर आचार्य बनाया। 50 साल की इस यात्रा में आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने देश की लगभग 50 हजार किलोमीटर की पदयात्रा में श्रमण संस्कृति की धर्म पताका को फहराते हुए जैन दर्शन को समाज के सामने उपस्थित किया। इस दौरान देश की युवा पीढ़ी, जो उच्च कोटि की डिग्रियां हासिल कर उनके चरण सन्निधि में आए और उनसे प्रभावित होकर उन जैसे बनने उनके चरणों में समर्पित हो गए। आचार्य श्री ने उन्हें मुनि दीक्षा प्रदान की तथा युवतियों को आर्यिका दीक्षा देकर साध्वी बनाया। लगभग 500 ब्रह्मचारी ब्रह्मचारणियों को साधना के सोपानों पर आरूए किया।

### अनेक हिंदी ग्रंथों की रचना की

आचार्य विद्यासागर महाराज ने अनेक हिंदी ग्रंथों की रचना की है। जिसमें मूकमाटी महाकाव्य देश विदेश की एक अनुपम महान कृति के रूप में प्रसिद्धि पा रहा है। आचार्य महाराज ने गोवंश की दुर्दशा देख करुणा पूर्वक समाज को प्रेरणा दी। फलस्वरूप देश में 75 गौशालाएं खोली गई हैं, जिनमें 1 लाख से अधिक गोवंश संरक्षण हैं। आचार्य श्री की प्रेरणा से जबलपुर, मध्यप्रदेश, डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़, रामटेक महाराष्ट्र इंदौर मध्यप्रदेशद्ध, ललितपुर उत्तरप्रदेश, पांच स्थानों पर प्रतिभास्थली नाम से बालिका शिक्षा के आधुनिक गुरुकुलों की स्थापना हुई। इसके साथ ही आचार्य श्री की प्रेरणा से सागर में आधुनिक चिकित्सा एलोपैथी के रूप में भाग्योदय तीर्थ के नाम से चिकित्सालय की स्थापना हुई है एवं दयोदय तीर्थ जबलपुर में पूर्णायु आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की स्थापना की जा चुकी है।

# कटनी का मार्बल हार्ड, उस पर काम करने का अलग ही मजा

### कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल का हिस्सा बनने पंजाब से आए शिल्पकार ने बताए कटनी स्टोन के अनुभव




**कटनी।** हम शिल्पकारों का काम मार्बल पर कलाकृतियां उकेरते समय हार्डनेस को सॉफ्ट बनाना है। देश के अन्य स्थानों पर जो मार्बल मिलता है, वह ज्यादातर सॉफ्ट होता है, जिससे बारीक काम करने में उसके टूटने का डर रहता है। कटनी में निकलने वाला मार्बल हार्ड है, जिसके चलते उसमें फिनिशिंग बहुत अच्छी आती है और इसपर काम करने का अपना अलग ही मजा है। यह कहना है कि कटनी के स्टोन को बढ़ावा देने जागृति पार्क में आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल में अपनी शिल्पकला का प्रदर्शन करने पंजाब के मनसा से आए शिल्पकार रामदीप सिंह का। रामादीप का कहना है कि उन्होंने चंडीगढ़ सहित अन्य स्थानों पर मार्बल पर काम किया है लेकिन कटनी के मार्बल के हार्ड होने की खूबी उन्हें काफी पसंद आई। उनका कहना है कि हार्ड होने के कारण ही कटनी के मार्बल की मांग शिल्पकला में बढ़ेगी।

### प्रकृति से वार्तालाप करती कलाकृति बना रहे रामादीप

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल के दौरान रामादीप प्रकृति पर आधारित कलाकृति का कटनी के मार्बल पर निर्माण करने में जुटे हैं। लगभग 15 वर्ष से शिल्पकला से जुड़े रामादीप ने बताया कि कलाकृति तीन लेयर की होगी और जैसे-जैसे हवा, सूर्य की गति बदलेगी, उसकी शेडो भी चेंज होगी। उनका कहना है कि नेचर व स्ट्रक्चर के वार्तालाप को दर्शाती कलाकृति बनाने में उन्हें कटनी के मार्बल का हार्ड होना काफी मदद कर रहा है। शिल्पकार ने जिला प्रशासन के अनोखे आयोजन की सराहना भी की।

# निगमायुक्त ने जारी किया प्रशंसा पत्र, कर्मचारियों में हर्ष की लहर

**कटनी।** नगर निगम कार्यालय में विगत दिवस निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आयोजित सम्पत्तिकर की वसूली की समीक्षा बैठक के दौरान बी.डी.अग्रवाल वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक बाबूलाल रजक



नगरनिगम कटनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 अन्तर्गत स्वीकृत लक्ष्य के विरूद्ध की गई वसूली का प्रतिशत संतोषजनक पाये जानें पर तालियों से स्वागत कराकर प्रशंसा पत्र जारी करनें के निर्देश प्रदान किये गए थे। निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा विगत दिवस सहायक राजस्व निरीक्षक बाबूलाल रजक को कर वसूली कार्य में सराहनीय प्रयास एवं पहल के लिए प्रशंसा पत्र जारी कर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व निर्धारित लक्ष्य अनुसार शत प्रतिशत कर वसूली पूर्ण करनें की आशा प्रकट की है। नगरनिगम के अधिकारियों कर्मचारियों नें बाबूलाल रजक को प्रशांसा पत्र मिलनें पर बधाई प्रेषित करते हुए कर्मचारियों का मनोबल बढानें हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# धमकी देकर किशोरी से बलात्कार

### महिला थाना ने दर्ज किया मामला, आरोपी गिरफ्तार



**कटनी।** एक किशोरी के साथ धमकी देकर कई दिनों से बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा ने बताया कि एक आरोपी बरही थाना क्षेत्र की एक किशोरी के साथ में धमकी देकर कई माह से बलात्कार कर रहा था। किशोरी गर्भवती हुई तो परिजनों ने पूछताछ की तो किशोरी ने वारदात की जानकारी दी। पीड़िता महिला थाने पहुंची। शिकायत पर पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# पुणे में मिली अपहृत किशोरी

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र से 26 नवंबर को एक 16 वर्ष की बालिका अचानक कहीं लापता हो गई थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने धारा 363 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया था। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में अपहृत बालिका को खोजने के प्रयास किए गए। थाना स्लीमनाबाद से एक टीम का गठन किया गया। टीम में सहायक उपनिरीक्षक प्रदीप जाटव, आरक्षक रजनीश एवं आरक्षक आशीष सोनी को थाना हडपसर जिला पुणे रवाना किया गया। अपहृत बालिका को तलाशकर कटनी लाते हुए परिजनों के सुपुर्द किया गया। एसपी ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार तीसरा सप्ताह





रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12.30, 3 एवं 5.45 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार- अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह, जैकी श्राफ, जावेद जाफरी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की कॉमेडी मूवी




रोजाना 5 शो ता. 19 से दोपहर 1,4,6.30, 8.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से
बंटी और बबली-2
कलाकार- शैफ अली खान, रानी मुखर्जी, सिद्धांत चतुर्वेदी, सरवारी वाग आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12, 3 एवं 6 बजे से
सूर्यवंशी
कलाकार-अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

आधार लाओ, उधार ले जाओ
BAJAJ FINSERV बजाज फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
0% ब्याज पर आसान किश्तों में मोबाइल उपलब्ध
Special Offer
धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर महा धमाका लूट सको तो लूट लो... अब नगद की क्या जरुरत...
मात्र 3 दस्तावेज लायें * आधार कार्ड * पेन कार्ड * बैंक पासबुक
SAMSUNG realme mi vivo oppo NOKIA



बजाज कस्टमर को 1रु. में मोबाइल उपलब्ध
पलक मोबाइल शॉप
चांडक चौक ढलान, आदर्श कॉलोनी तिराहा, कटनी, मो. 9301051222

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 20 नवम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## 2530 किलोग्राम महुआ तथा 65 लीटर अवैध शराब जप्त

### कटनी क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई



**कटनी।** जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को आबकारी वृत्त कटनी अंतर्गत विभागीय अमले द्वारा कार्रवाई करते हुये अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जप्त कर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि शुक्रवार को आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त कटनी 2 अंतर्गत मछरिया डेरा, आधारकाप नदी किनारे, तेलियनपार, खिरहनी गांव में दबिश दी गई। इस दौरान 1785 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 51 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई है। कार्रवाई में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के तहत 8 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इस कार्रवाई में जप्तशुदा महुआ लाहन तथा अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 96 हजार 900 रुपये है। मौके पर महुआ लाहन का सैम्पल लेकर आबकारी दल द्वारा नष्ट कर दिया गया है।



## शुद्धिकरण अभियान के कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**कटनी।**

राज्य शासन के निर्देशानुसार सम्पूर्ण प्रदेश सहित जिले में भी 1 नवम्बर से 15 तक राजस्व अभिलेखों में सुधार के सुद्धिकरण पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें नामांतरण, भूमि स्वामि का नाम सहित अन्य संबंधित कार्य पटवारी हल्का स्तर पर किये गये। इस अभियान अंतर्गत की गई कार्रवाई के संबंध में रीठी तहसील में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने रविवार को विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होने पटवारी हल्कावार की गई प्रगति की जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारियों से ली। साथ ही शुद्धिकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा कर जारी निर्देशों के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिये। इस अवसर एसडीएम बलबीर रमन, संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन बंद

### सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रारंभ



**कटनी।** प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सत्र 2021 -22 की शैक्षणिक गतिविधियाँ गुरुवार से विद्यार्थियों की भौतिक रूप से उपस्थिति के साथ प्रारंभ हो गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के पूरी क्षमता से खुलने पर ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन बंद होगा। ऑफ्लाइन कक्षाओं का संचालन कर शत-प्रतिशत क्षमता के साथ पुस्तकालय एवं स्नातक, स्नातकोत्तर सभी कक्षाओं के लिए छात्रावास और मेस की व्यवस्था भी सुचारु रुप से चालू होगी। कोरोना वायरस संक्रमण एवं बचाव के लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों तथा छात्रावासों में 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को वैक्सीन के दोनों डोज़ लगाना अनिवार्य होगा।

केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रथम चरण में प्रदेश के 45 से अधिक और 18 से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को वैक्सीन लगवाने के निर्देश हैं। ऐसे शैक्षणिक कर्मचारी तथा छात्र -छात्राएं जिनके द्वारा दोनों टीके नहीं लगाए गए हैं ,प्राचार्य द्वारा उन्हें दोनों टीके लगवाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। जो विद्यार्थी 18 नवंबर 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किए, ऐसे विद्यार्थियों को टीकाकरण ना होने की स्थिति में महाविद्यालय आने की अनुमति होगी।



## जनजागरण यात्रा निकालकर समस्याओं को उठाएगी कांग्रेस

### बरही में पत्रकार वार्ता में बोले कांग्रेस नेता नीरज, 21 नवम्बर को गांव-गांव पहुंचेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

**बरही।** कांग्रेस नेतृत्व के आह्वान पर 21 नवंबर से जनजागरण यात्रा गांव-गांव पहुँचेगी। बरही रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में कांग्रेस नेता नीरज सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र की नाना, प्रदेश में मामा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता लाचार है, परेशान है, मंहगाई की मार, किसानों को खाद, बीज का संकट तो पूरे क्षेत्र में जनकर भ्रस्टाचार हो रहा है। इन सभी मुद्दों को लेकर 21 नवंबर को माँ काली धाम कोनिया से जनजागरण यात्रा बरही, विजयराघवगढ़ के एक एक गांव पहुँचकर लोगो की समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क आदि मुद्दों पर जनता से सीधा संवाद होगा। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संजय बिलौहा, सुरेंद्र दुबे, प्रभाकर तिवारी, रोहणी सिंह, नीरज अग्रवाल, विजय अग्रवाल, हरप्रसाद स्वर्णकार, गंगा अग्रवाल, अनोज अन्नू पाठक, अजमत अली आदि उपस्थित रहे। कांग्रेस नेता इंजीनियर नीरज सिंह बघेल के कहा कि देश मे साम्प्रदायिक सरकार है, तानाशाही रूप से जनता की आवाज को कुचला जा रहा है, कांग्रेस एक आंदोलन है, जनता की आवाज प्रशासन के सामने लाने के लिए यह यात्रा गांव-गांव जाएगी। इसके पूर्व कांग्रेसजनों ने कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी स्वर्गीय इंदिरा गांधी के जीवन पर आपने-अपने विचार रखे।

## कटनी गॉट टेलेंट में प्रतिभाएं दिखा रहीं हुनर

### जागृति पार्क में आज ऑडिशन, कल फिनाले का होगा आयोजन

**कटनी।** कटनी स्टोन फेस्टिवल आधारशिला में जहां देशभर के शिल्पकार जागृति पार्क में कटनी के स्टोन पर अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं तो जिले की प्रतिभाएं भी अपने हुनर को सबके सामने ला सकेंगी। आज से दो दिवसीय जागृति पार्क में कटनी गॉट टेलेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डांस, सिंगिग, मैजिक, मिमकरी, कलाबाजी सहित अन्य हुनर का प्रदर्शन प्रतिभागी करेंगे। कटनी गॉट टेलेंट का हिस्सा बनने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। आज सुबह 10 बजे से जागृति पार्क में प्रतिभागियों के ऑडिशन हुए, जिसमें उन्हें अपनी प्रतिभा को मंच में दिखाने का अवसर मिला। कल 21 नवंबर को कटनी गॉट टेलेंट का फिनाले जागृति पार्क में आयोजित होगा और उसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।




### जागृति पार्क में दो दिवसीय फूड फेस्टिवल में लजीज व्यंजनों के लगेंगे स्टॉल

जागृति पार्क में आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल के दौरान लोग दो दिनों तक फूड फेस्टिवल का भी आनंद उठा सकेंगे। शहर की महिलाओं द्वारा जागृति पार्क परिसर में आज और कल लजीज व्यंजनों के स्टॉल लगाए जा रहे हैं। फूड फेस्टिवल में साउथ इंडियन, गुजराती, चायनीज व्यंजनों के साथ लिट्टी-चोखा, दाल बाटी सहित देशी व्यंजनों की भी बहार रहेगी। महिलाओं के बनाए व्यंजनों के स्टॉल के साथ ही शहर के प्रसिद्ध रेस्टारेंटों के व्यंजनों का लुत्फ भी लोगों को फूड फेस्टिवल के दौरान उठाने को मिलेगा तो तेवरी के स्वीटकॉर्न से बने दस तरह के लजीज व्यंजनों का स्टॉल भी परिसर में लगाया गया है। शहर की चौपाटी का आनंद भी लोग फूड फेस्टिवल के दौरान दो दिनों तक जागृति पार्क में उठा सकेंगे।

### जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह पर जागृति पार्क में होगा कार्यक्रम

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रदेश भर में जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जागृति पार्क माधवनगर में आयोजित कटनी स्टोन फेस्टिवल के दौरान जिला प्रशासन की ओर से जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती के अदम्य साहस की किस्सागोई की प्रस्तुति कल 21 नवंबर को होगी। जिसमें हिमांशु बाजपेयी और प्रज्ञा शर्मा की जुबानी लोग वीरांगना की वीरता की कहानी सुनेंगे। जागृति पार्क में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने तैयारी को लेकर स्थल का भ्रमण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

## त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के दौरान सेन्स गतिविधियों के संबंध में बैठक 22 नवम्बर को

**कटनी।** सीईओ जिला पंचायत एवं सह. नोडल अधिकारी सेन्स स्थानीय निवार्चन कटनी जगदीश चन्द्र गोमे ने बताया कि त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 में आयोजित होने वाली सेन्स गतिविधियों के संबंध में बैठक का आयोजन 22 नवम्बर को होगा। यह बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित होगी। इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को अनिवार्यतः उपस्थित रहने के लिये कहा गया है।

## खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी....

**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी ने आज महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई। रानी लक्ष्मीबाई चौक स्थित प्रतिमा पर आभाविप कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। विद्यार्थी परिषद रानी लक्ष्मीबाई जयंती नारी शक्ति दिवस के रूप में मनाती है। उनके बलिदान की अमर कहानी महिलाओं को गौरवान्वित करती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित थे।



आवश्यकता है

साईनाथ इंस्टीट्यूशन

में बी.ए.,बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु कॉलेज कोड-28 के अंतर्गत नियुक्ति हेतु सहायक प्राध्यापकों के पद हेतु आवेदन अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं एक फोटो के साथ महाविद्यालय कार्यालय में 25.11.2021 तक जमा करें।

| क्रं. | पद विवरण/विषय | संख्या | शैक्षणिक योग्यता/अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य /विभागाध्यक्ष | 01 | संबंधित विषय में 55% अंकों के साथ पीजी एवं 55% अंकों के साथ एम.एड. व पीएचडी उपाधि प्राप्त, 08 वर्षो का शिक्षा संकाय का अनुभव |
| 2. | शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में (समाजशास्त्र,) मनोविज्ञान, दर्शन शास्त्र) | 02 | संबंधित विषय में 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर एवं 55 % अंकों के साथ एम.एड. एवं 55 % अंकों के साथ बी.एड. |
| 3. | शिक्षण शास्त्री विषय (इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीति ) | 04 | संबंधित विषय में 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर एवं 55 % अंकों के साथ एम.एड. एवं 55 % अंकों के साथ बी.एड. |
| 4. | शिक्षण शास्त्री विषय विज्ञान (रसायन, जीव विज्ञान, भौतिक शास्त्र) | 03 | संबंधित विषय में 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर एवं 55 % अंकों के साथ एम.एड. एवं 55 % अंकों के साथ बी.एड. |
| 5. | शिक्षण शास्त्री विषय (गणित) | 01 | संबंधित विषय में 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर एवं 55 % अंकों के साथ एम.एड. एवं 55 % अंकों के साथ बी.एड. |
| 6. | शिक्षण शास्त्री विषय भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी) | 02 | संबंधित विषय में 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर एवं 55 % अंकों के साथ एम.एड. एवं 55 % अंकों के साथ बी.एड. |
| 7. | ललित कला (Fine Art) | 01 | संबंधित विषय में पीजी उपाधि 55 % अंकों के साथ (एमएफए) |

नोटः- 1. NET एवं P.hd को प्राथमिकता। 2. उपरोक्त पदों के लिए चयन यूजीसी के नियमानुसार होंगे। 3. वेतन एवं सेवा शर्तें यूजीसी के अनुसार। 4. अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।

श्री हॉस्पिटल जबलपुर रोड बरगवां, कटनी
मो. 8962262200



## विद्यार्थियों की गुणवत्ता परखने जबलपुर से आई प्रभारी ने किया स्कूल का निरीक्षण

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे स्थित मिडल स्कूल न्यू कटनी जंक्शन में अधययनरत विद्यार्थियों क़ी गुणवत्ता परखने और वहां इन दिनों प्रशिक्षण ले रहे आठ शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों क़ी शालेय गतिविधियों क़ो जानने हेतू जबलपुर डाईट से निरीक्षणकर्ता क़े रूप में श्रीमती सावित्री शर्मा शाला में उपस्थित होकर सभी प्रशिक्षणार्थियों, शालेय शिक्षकों और विद्यार्थियों से रूबरू हुई । बच्चों क़ी दक्षता का आंकलन करने के उपरान्त श्रीमती शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह विद्यालय गुणवत्ता के मापदंडों पर शत प्रतिशत खरा उतरने के प्रयास में जुटा है, साथ ही यहां के शिक्षक पूरी तन्मयता और लगन के साथ बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं, जो कि कम ही विद्यालयों में ऐसा देखने क़ो मिलता है। एक माह के लिये जबलपुर डाईट से प्रशिक्षण हेतू इस विद्यालय में आकर अध्यापन कार्य कर रहे प्रशिक्षणार्थियों के विषय में उन्होंने प्रभारी प्रधानअध्यापक मार्तण्ड सिंह राजपूत से चर्चा कर प्रशिक्षणार्थियों क़ी कमियों और खूबियों क़ो भी जानने का प्रयास किया। सभी प्रशिक्षणार्थी एक अच्छे विद्यालय प्रबन्धन क़ी शिक्षा भी पूरी दिलचस्पी के साथ ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर शालेय स्टाफ शिक्षक ज्ञानचंद कोष्टी, जितेन्द्र दुबे, श्रीमती मोहना जरगर सोनी, श्रीमति निधि पटेरिया, नीलम श्रीवास, दुर्गा बर्मन सहित प्रशिक्षु शिक्षक श्रीमति मंजू सोनी, मंजू पटेल, रेखा शुक्ला, ललिता शिकारे, ज्योति नायक, श्वेता सिंह राजपूत, शील कुमारी और दुर्गा मालिक द्वारा श्रीमति सावित्री शर्मा का आत्मीय स्वागत किया गया।

यदि यश भारत समय पर आप तक नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**न्यायालय-सतीश कुमार शुक्ला, व्यव0 न्यायाधीश वर्ग-2 मानपुर जिला- उमरिया ( म.प्र. )**
**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु**
**आर.सी.एस./48ए./2017,**
**गेंदिया चमार वगैरह....... वादीगण, बनाम पुत्तीबाई वगैरह.... प्रतिवादी**
**प्रो.क्रं. - 576/2021, पेशी दिनांक - 22.11.2021**

**प्रेषित - 1. मोहवती पुत्री स्व. मइका चौधरी पति लल्ला चमार उम्र 35 वर्ष साकिन बड़छड़ हाल मुकाम डोकरिया थाना बरही जिला-कटनी (म.प्र.)**
**2. शकुन पुत्री स्व. मइका चौधरी पति विजय चौधरी उम्र 28 वर्ष।**
**3. गौरी पुत्री स्व. मइका चमार पति अजय चमार उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी बड़छड़ हाल-मुकाम थाना बगैहा थाना बरही जिला-कटनी म.प्र.**

यह कि प्रार्थी गेंदिया चमार बगै0 में आपके विरुद्ध स्वत्व घोषणा एवं स्थायी निशेधाज्ञा तथा हक अधिकार के मुताबिक स्वत्व अधिकार प्रदान किए जाने बावत के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 05 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायलय में उपस्थित नहीं होगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । **यह आज तारीख 15 नवम्बर 2021 को मेरे हस्ताक्षर से और मुद्रा लगाकर दिया गया है ।**

न्यायालय की मुद्रा — न्यायाधीश व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 मानपुर, जिला- उमरिया म.प्र.

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
mgm HOSPITAL We Care with Care एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# पर्यटकों को लुभा रहे जिले के पर्यटन स्थल

कटनी। जिले में बहुत सारी ऐतिहासिक और प्राकृतिक जगह है, जहां पर आप जाकर अच्छा समय बिता सकते हैं। शासन-प्रशासन द्वारा इन्हें सहेजने और संवारने के उपाय किए जा रहे हैं परंतु आवश्यकता इस बात की है कि इनके विकास और सौंदर्यीकरण के लिये किसी ठोस कार्ययोजना पर काम किया जाए। बड़ी संख्या में पर्यटक इन स्थलों पर पहुंचते है और प्राकृतिक वातारण का लुत्फ उठाते हैं।



### जागृति पार्क

जागृति पार्क कटनी शहर का एक दर्शनीय स्थल है। जागृति पार्क कटनी में माधव नगर में स्थित है। जागृति पार्क में आप आकर बहुत अच्छा समय बिता सकते हैं। जागृति पार्क में आप सुबह 5 बजे से 8 बजे तक आ सकते हैं और दोपहर में 12 बजे से 4 बजे तक जा सकते हैं। जागृति पार्क बहुत सुंदर है। जागृति पार्क में प्रवेश का शुल्क लिया जाता है। इस पार्क में आकर आपको बहुत अच्छा लगेगा।

### विजयराघवगढ़ किला

विजयराघवगढ़ किला एक प्राचीन किला है। यह किला कटनी शहर की विजयराघवगढ़ तहसील में स्थित है। विजयराघवगढ़ किलें का आकार आयताकार है। विजयराघवगढ़ किला का निर्माण 1826 में राजा बिसन सिंह के द्वारा किया गया था। राजा बिसन सिंह मैहर के राजा प्रयाग दास पुत्र थे। यह महल बलुआ पत्थर से बना हुआ है। विजयराघवगढ़ किलें में घूमने के लिए आपको बहुत सारे दर्शनीय स्थल देखने मिलते है। यहां पर आप रंगमहलए ब्रम्हा चबूतराए समाधि स्थलए देखने मिलता है। इस किलें का बहुत सारा हिस्सा अब क्षतिग्रस्त होकर धराशयी हो गया है।

### राधा कृष्ण मंदिर या कटाये घाट मंदिर

राधा कृष्ण मंदिर कटनी शहर का प्रसिध्द पर्यटन स्थल है। राधा कृष्ण मंदिर कटनी शहर में कटाये घाट के पास स्थित है। कटाये घाट एक प्राकृतिक स्थल है। आपको यहां पर हनुमानजीए पंच मुखी हनुमानजीए दुर्गाजीए दत्तत्रेय जीए और राधा कृष्ण की मूर्ति देखने मिलती है। इस मंदिर का चारों तरफका वातावरण बहुत ही मनोरम है। यहां पर सीता और राम जी मंदिर भी स्थित है। यह मंदिर बहुत पुराना है। त्यौहार के समय कटाये घाट पर बहुत भीड लगती है। मंदिर के बाजू से एक नदी बहती हैए जिसे कटनी नदी कहते है। बरसात के समय यहां पर आपको बहुत अच्छा लगेगा।

### रूपनाथ मंदिर

रूपनाथ धाम एक धार्मिक स्थल है। रूपनाथ धाम कटनी शहर की एक दर्शनीय जगह है। रूपनाथ धाम बहोरीबंद तहसील से करीब 3 किलोमीटर दूर है। यहां पर आपको शिव भगवान जी का मंदिर देखने के लिए मिलता है। यहां पर प्राचीन गुफा हैए जिसमें चमगादड रहते है। गुफा पर शिवलिंग विराजमान है। यहां पर राम कुंडए सीता कुंडए और लक्ष्मण कुंड नाम के तीन तालाब है। रूपनाथ मंदिर के उपर एक तालाब भी मौजूद है। यहां पर पहाडियों का दृश्य मनोरम है। यहां पर बरसात पर आपको झरना भी देखने मिलता है।

### कामकंदला किला

कामकंदला किला कटनी शहर का एक प्राचीन किला है। कामकंदला किला कटनी शहर के बिलहरी में स्थित है। कामकंदला किला कटनी शहर से करीब 15 किलोमीटर दूर है। यहां पर आपको एक बावली भी देखने के लिए मिलती हैए जो प्राचीन है और इसमें पानी भी है। यहां पर आपको मछली भी देखने मिलती है। यहां पर आपको हनुमान जी की मूर्ति भी देखने मिलती है। कामकंदला किला पर एक शिव भगवान जी का मंदिर है और मंदिर के छत पर आपको पेंटिग देखने मिलती है। शिव मंदिर पर शिवलिंग मौजूद नहीं है। कामकंदला किलें के अंदर कुछ प्राचीन मूर्तियां भी आपको देखने मिलती है। बिलहरी के आसपास आपको बहुत सारे मंदिर देखने के लिए मिलते हैए जो प्राचीन है।

### श्री तारन तारन दिगंबर जैन मंदिर


तारन तरन एक जैन मंदिर हैए जो कटनी शहर के बिलहरी में स्थित है। यह मंदिर कटनी शहर में घूमने के लिए एक अच्छी जगह है।


### सेंटर पॉइंट ऑफ़इंडिया

सेंटर पॉइंट ऑफ़इंडिया भारत का भौगोलिक केंद्र बिंदु है। यह कटनी शहर के पास घूमने के लिए एक अच्छी जगह है। सेंटर पॉइंट ऑफ़इंडिया कटनी शहर से करीब 50 किलोमीटर दूर है। यह जगह कटनी के पान उमरिया के करीब स्थित है। यहाँ पर प्रसिद्ध महर्षि विद्या पीठ संस्थान स्थापित हैं। आप यहां पर स्वयं के वाहन से आसानी से पहुँच सकते हैं।

### घोघरा नर्सरी जलप्रपात

घोघरा नर्सरी जलप्रपात एक खूबसूरत जलप्रपात हैए जो कटनी शहर में स्थित है। यह छोटा जलप्रपात हैए मगर खूबसूरत है। यह झरना कटनी नदी पर बना हुआ है। यहां पर आकर आप पिकनिक मना सकते हैं। यहां पर झरने के पास एक मंदिर भी हैए जहां जाकर आप शिव भगवान के दर्शन कर सकते है। यह झरना बरसात के समय देखने के लिए मिलता है। यहां पर आसपास के गांव के बच्चे नहाते हुए आपको देखने के लिए मिल जाते हैं। यह जगह खूबसूरत है।





### सुरम्य पार्क कटाये घाट

सुरम्या पार्क कटनी में स्थित एक दर्शनीय स्थल है। यह पार्क कटायें घाट जाने वाले रास्ते पर स्थित है। आप इस पार्क में बोंटिग का मजा ले सकते है। यहां पर बच्चों के मनोरंजन के लिए बहुत सारे झूले है। इस पार्क का प्रबंधन सरकार के द्वारा किया जाता है। यहां पर एक टॉय ट्रेन भी हैए जिसके आप मजे ले सकते हैं।

### कैमोरी डैम

कैमोरी जलाशय कटनी जिले में घूमने वाली एक जगह है। यह एक छोटा सा मगर एक देखने लायक जगह है। यह जलाशय पहाडों से घिरी हुई है। बरसात के टाइम में यह जलाशय पानी से भर जाता है और पानी ओवरफ्लो होता हैए जो बहुत मनोरम होता है। यहां पर एक हनुमान मंदिर भी है। यहां पर सूर्यास्त का नजारा बहुत ही अच्छा होता है।

### कंकाली देवी मंदिर या तिगवा

तिगवा कटनी शहर की एक ऐतिहासिक जगह है। इस जगह पर आपको बहुत सारी पत्थर की नक्काशी देखने के लिए मिलती है। यहां पर कंकाली देवी का मंदिर भी है। कंकाली देवी का मंदिर छोटा सा है। यह गुप्तकालीन मंदिर है और लगभग 5 वी शताब्दी में बना हुआ है। इसके सामने मंडप बना हुआ है और इसमें अलग.अलग कलाकृतियां देखने के लिए मिलती है। यहां पर विष्णु भगवान जी की प्रतिमाएं दीवार पर उकेरी गई है। तिगवा देखने लायक जगह है। आपको यहां पर बहुत सारी पत्थर पर उकेरी कलाकृतियां देखने मिलती है। तिगवा कंकाली देवी मंदिर कटनी के बहोरीबंद तहसील में स्थित है। यह बहोरीबंद तहसील से 5 किलोमीटर दूर है।

### बहोरीबंद जलाशय

बहोरीबंद जलाशय कटनी शहर में स्थित है। यह कटनी जिलें की बहोरीबंद तहसील में स्थित है। यह खूबसूरत जलाशय है। खूबसूरत पहाड़ों से घिरा हुआ है। आप यहां पर आ कर अपना समय बिता सकते हैं। बहोरीबंद जलाशय घूमने के लिए अच्छी जगह है। मगर यहां पर किसी भी तरह की कोई सुविधा नहीं है।

### प्राचीन विष्णु वराह मंदिर

प्राचीन विष्णु मंदिर कटनी शहर का एक दर्शनीय स्थल है। यह एक ऐतिहासिक जगह है। यहां पर आपको बहुत सारी पत्थर की प्रतिमाएं देखने के लिए मिलती है। यहां पर विष्णु भगवान के सुकर अवतार की प्रतिमा हैए जो पत्थर की बनी है।

# थंब मशीन में अंगूठा लगवाकर किसान से 10 हजार की ठगी

## पीएम आवास योजना का अधिकारी बनकर खेत में कार से पहुंचा ठग, एसपी व साइबर सेल प्रभारी की तत्परता से रुकी बड़ी ठगी

### ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को लेकर एसपी ने की सतर्क रहने की अपील

**कटनी।** जिले में एक बार फिर ऑनलाइन सहित दिनदहाड़े लोगों के साथ ठगी होने लगी है। थोड़ी सी नासमझी, लालच और लाभ का आशा उनके लिए घातक साबित हो रही है। शुक्रवार को जिले में तीन गंभीर मामले घटित हुए हैं। एक मामले में तो आधा दर्जन लोग ठगी का शिकार होते बच गए हैं लेकिन दो मामलों में दो लोग ठगी का शिकार हो गए हैं। इन मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार को शहर से चंद किलोमीटर दूर स्थित ग्राम गुलवारा में ठगी का पहली बार ऐसा मामला सामने आया है। ठग अफसर बनकर किसान के खेत पहुंचा और पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 10 हजार रुपये की ठगी कर चंपत हो गया है। एसपी सुनील कुमार जैन व साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक रोहित डोंगरे की तत्परता से बड़ी ठगी रुक गई है। जानकारी के अनुसार आरोपी सुबह लगभग पौने 10 बजे के लगभग ग्राम गुलवारा स्थित बाइपास के किनारे हरिमोहन गौतम के खेत पहुंचा। कहां पंडितजी और क्या समाचार है। तो हरिमोहन ने कहा कि बढ़िया है लेकिन हम आपको पहचान नहीं पाए तो ठग ने कहा कि हम पीएम आवास योजना वाले अधिकारी हैं। आपको आवास का लाभ मिला कि नहीं। हरिमोहन गौतम ने बताया कि नहीं मिला तो उसने कहा कि आवास का लाभ चाहिए हो तो आधार कार्ड है क्या आपके पास। हरिमोहन ने घर में फोन कर आधार कार्ड नंबर पता किए। आधार कार्ड का नंबर आरोपी ले लिया। बैग से थंब मशीन निकाला। उसमें अंगूठा लगवाया और कहा कि अब आपको योजना का लाभ मिल जाएगा। कहते हुए गेट के बाहर निकला और सफेद रंग की कार में बैठकर पंचत हो गया। 15 मिनट बाद 10 हजार रुपये खाते से निकाल लिए।



### बैंक अधिकारियों ने नहीं की मदद

हरिमोहन गौतम ने बताया कि जैसे ही उन्हें लगा कि कहीं ठगी का शिकार तो नहीं हो गए तो तत्काल बैंक डिटेल दिखवायाए जिसमें भारतीय स्टेट बैंक के 10 हजार रुपये निकल चुके थे। तत्काल परिजन ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को सूचना दी। एसपी ने इस मामले में साइबर सेल प्रभारी रोहित डोंगरे को निर्देशित करते हुए मामले में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। रोहित डोंगरे तत्काल सक्रिय होकर बैंक खाते, आधार कार्ड आदि लेकर ब्लॉक कराया ताकि ठग खातों से और आहरण न कर पाए। इसतरह से बड़ी ठगी रुकी और फिर आरोपी की पताशाजी के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं इस मामले में एसबीआई मुख्य ब्रांच के प्रबंधक चंदन केशरी ने अवकाश का हवाला देकर कुछ भी मदद करने से इन्कार कर दिया और टोलफ्री नंबर से भी कोई मदद नहीं मिली।

### थाना प्रभारी बनकर सरपंचों से ठगी का प्रयास

एक ठग द्वारा अपने को बड़वारा थाना अंकित मिश्रा बताकर सरपंचों को मोबाइल पर कॉल कर रुपए मांगे है। यह तो गनीमत रही कि सभी सरपंच थाना प्रभारी की आवाज पहचान रहे थे तो बड़ी ठगी से बच गए। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि उनके पास गांव के सरंपचों के कॉल आए। सरपंचों द्वारा बताया गया कि अपने आप को बड़वारा थाना प्रभारी बताकर किसी आवश्यक कार्य के लिए 30 से 35 हजार रुपए उधार मांगे जा रहे हैं। करीब आधा दर्जन सरपंचों ने बड़वारा थाना प्रभारी को इस तरह के कॉल आने की जानकारी दी। लखाखेरा सरपंच सुशील राय, खरहटा सरपंच बबलू सोनी, बड़वारा सरपंच गया सोनी, नदावन सरपंच उदयभान सिंह आदि को फोन लगाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सरपंच उनकी आवाज पहचानते हैं। इसी वजह से उन्होने ऑनलाइन रुपए भेजने से पहले उनके मोबाइल पर कॉल किया और ठगी से बच गए।

### साइबर सेल ने शुरू की जांच

थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि उनके द्वारा सायबर सेल में शिकायत कर दी गई हैं। मोबाइल नंबर किसके नाम पर है, मोबाइल धारक की लोकेशन कहां है, इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इसके अलावा थाना प्रभारी ने कहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे नाम का और पद का उपयोग कर गूगल पे, फोन पे से पैसे की मांग की जा रही है।

### खाते से पार हुए आठ हजार

पिपरिया सहलावन निवासी कमलेश यादव के पास एक नंबर फोन आया। जिसने कहा कि उमरियापान थाना से एएसआई तिवारी बोल रहा हूं। एक व्यक्ति को रुपये ऑनलाइन भेजने के लिए कहा। जिसपर पर कमलेश यादव ने पंकज नामदेव के नंबर पर एक रुपये भेजा। इसके बाद कहा कि मोबाइल में दूसरे तरीके बताया और 8 हजार रुपये की ठगी कर लिया। कमलेश व पंकज ने इसकी शिकायत उमरियापान थाना पहुंचकर की।

### इनका कहना है

लगातार ऑनलाइन सहित अन्य तरीकों से ठगी की घटनाएं हो रही हैं। लोगों को विशेष सवाधानी बरतनी होगी। किसी भी अज्ञात व्यक्ति को बैंक सहित अपनी निजी जानकारी शेयर न करें। मोबाइल में आने वॉले फोन कॉल, ओटीपी नंबर व लिंक आदि पर भी ध्यान न दें।

**सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक**

## अस्पताल के काउंटर क्लर्क की मनमानी





**जिला अस्पताल के पर्ची काउंटर में परेशान हो रहे मरीज, काउंटर में बैठे कर्मचारी अंदर से अपने कृपापात्रों की पहले काट रहे परची, पुलिस कर्मी और कर्मचारी अंदर से कटवा रहे पर्ची, बाहर लाइन में घंटों खड़े रहते है ग्रामीण और साधारण मरीज व उनके परिजन।**

## कुएं में गिरकर चीतल की मौत

### कुठला थाना क्षेत्र की घटना

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरसा मुंडा वार्ड क्रमांक 2 स्थित भगवान भोलेनाथ के सामने स्थित कुएं में गिरने से एक चीतल की मौत हो गई। स्थानीय लोगों को जब शुक्रवार को दुर्गंध आई तो उन्होंने जा करके देखा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता रजक ने बताया कि दुर्गंध के कारण जाकर देखा तो कुएं के अंदर चीतल का शव था। इस संबंध में वन विभाग को सूचना दी है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम के द्वारा आगे की कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि शहर के उपनगरीय क्षेत्र में कई हुए खुले हुए पड़े हैं जिसमें इसी तरह से आए दिन वन्य प्राणी व मवेशियों की गिरकर मौत होती है। वहीं वन्यजीवों को सुरक्षित कराने के लिए जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :– katni@yashbharat.com

# तिलक समारोह में 15 लाख की चोरी

## 5 लाख नगद सहित सोने व चांदी के जेवर पार, राघव रीजेंसी में विवाह की रस्मों के बीच वारदात

**कटनी। एनकेजे थाना अंतर्गत जुहला रपटा के पास स्थित राघव रीजेंसी में आयोजित तिलक समारोह के दौरान 15 लाख रूपए की सनसनीखेज चोरी की वारदात का मामला प्रकाश में आया है। यहां विवाद समारोह में शामिल होकर बदमाश 5 लाख रूपए नगद व सोने का जनेऊ, चांदी की थाली, चांदी की मछली लेकर चंपत हो गए। चोरी की जानकारी लगने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने अज्ञात बदमाश के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बरहटा निवासी बघेल परिवार के अभिनेष पिता स्वर्गीय जितेन्द्र सिंह बघेल का 17 नवंबर को जुहला रपटा के पास स्थित राघव रीजेंसी होटल में तिलक समारोह था। बघेल परिवार के लोग होटल के कमरा नंबर 108 में रूके हुए थे।

बताया जाता है कि तिलक समारोह की रस्मों को पूरा करने के बाद बघेल परिवार के सदस्य जब कमरे में पहुंचे तो वहां रखे 5 लाख रूपए नगद, सोने का जनेऊ, चांदी की थाली व चांदी की मछली गायब थी। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने तिलक समारोह में शामिल होकर पार कर दिया। चोरी गए सोने व चांदी के सामान की कीमत 5 से 10 लाख रूपए के लगभग बताई जा रही है। इस प्रकार चोरी की वारदात में लगभग 15 लाख रूपए कीमती



राघव रीजेंसी के कमरे से बाहर आते समय सीसीटीव्ही कैमरे में आई फोटो।

सामान जाने की बात सामने आ रही है। बहरहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 380 के तहत मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ संदिग्ध



बताया जाता है कि वारदात को अंजाम देने वाले व्यक्ति की तलाश में पुलिस ने राघव रीजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही तिलक समारोह की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी को भी बारीकी से देखा है। जिसमें पीले रंग का ब्लेजर पहने एक संदिग्ध व्यक्ति कैद हुआ है। यह न तो लड़की पक्ष का था और न ही इसका वरपक्ष से कोई लेना देना था। जिससे यह संदेह है कि यही वो शख्स है जो सूटबूट में तिलक समारोह में शामिल होने के बाद नगदी व जेवर लेकर चंपत हो गया।

# 10 शुभ मुहूर्त में आधा सैकड़ा से ज्यादा विवाह आयोजन

## कोरोना संक्रमण से उबरने के बाद विवाह आयोजनों में नजर आ रही पहले से ज्यादा रौनक

**कटनी।** कोरोना संक्रमण से उबरने के बाद अब शादियों में रौनक नजर आ रही है। अब वैसे भी कोरोना संक्रमण से सारे प्रतिबंध हट चुके हैं और लोगों में भी शादियों को लेकर खासा उत्साह दिख रहा है। शहर में नवंबर और दिसंबर में करीब आधा सैकड़ा से अधिक शादियों के आयोजन हो रहे हैं। लिहाजा शहर के सभी मैरिज गार्डन और होटल बुक हो गए हैं। देवउठनी एकादशी के बाद शुभ मुहूर्त में शादियों के आयोजन कल पहले शुभ मुहूर्त 19 नंवबर से शुरू हो गए हैं। वैसे सबसे ज्यादा शादियां नवंबर और दिसंबर में ही हो रही हैं। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण के चलते और शुभ मुहूर्त नहीं होने की वजह से रिश्ता तय होने के बाद भी जोड़े अग्नि के सात फेरे से वंचित थे।



### देवउठनी एकादशी के बाद से शुरू हो गईं शादियां

अब 15 नवंबर सोमवार को देवउठनी एकादशी के बाद विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू हो गए हैं और शादियां भी शुरू हो गई हैं। पिछले साल नवंबर से मार्च तक जहां केवल पांच मुहूर्त थे, वहीं इस अवधि में इस बार 14 मुहूर्त हैं। शादियों को यादगार बनाने में कोई कोर कसर न रहे, इसलिए लोगों ने दिल खोलकर तैयारी और मार्केटिंग पहले से ही शुरू कर दी थी। विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त होने से दीपावली के बाद भी लंबे समय तक बाजार की रंगत बरकरार रही। इस बार देवउठनी एकादशी 15 नवंबर को थी। मान्यता के अनुसार इस दिन से मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं, इसके साथ ही विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों पर लगा ब्रेक भी हट गया। वैसे देवउठनी एकादशी को अबूझ मुहूर्त भी माना जाता है, लेकिन इस वर्ष देवउठनी एकादशी के दिन शादी के मुहूर्त नहीं थे, हालांकि रिंग सेरेमनी व अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए।

### कोरोना संक्रमण की वजह से नहीं हो पाई थी शादियां

अप्रैल से जुलाई माह तक विवाह के कई शुभ मुहूर्त थे, लेकिन उस अवधि में कोरोना की दूसरी लहर बहुत खतरनाक हो गई और लॉकडाउन भी लगाना पड़ा था। जिसकी वजह से सभी वैवाहिक कार्यक्रम स्थगित कर दिये गये थे। कई परिवारों ने तो आमंत्रण पत्र छपवाने के बाद भी शादी को स्थगित कर दिया था। लॉकडाउन में स्थगित हुईं शादियां अब नवंबर में आयोजित हो रही हैं। नवंबर से फरवरी माह तक शहर में कई विवाह मुहूर्त होने के चलते शहर के होटल, मैरिज गार्डन और धर्मशालाओं की पहले से ही बुकिंग की जा चुकी थी।

### देव पंचांग के अनुसार विवाह मुहूर्त

नवंबर माह में 19, 20, 21, 28, 29 और 30
दिसंबर में 1, 7, 11, 13
जनवरी 2022 में 22 और 23
फरवरी 22 में 5, 6, 10 और 18 को शुभ विवाह मुहूर्त।

# शादियों का सीजन शुरू होते ही ट्रेनों में बढ़ी यात्रियों की भीड़

## लंबी वेटिंग के चलते नहीं मिल पा रहा रिजर्वेशन, वेटिंग में ही सफर करने मजबूर यात्री




**कटनी।** शादियों का सीजन शुरू होते ही ट्रेनों में यात्रियों की खासी भीड़ उमड़ रही है। कुछेक ट्रेनों में अनारक्षित टिकट की सुविधा देने के बाद इन ट्रेनों में यात्री खड़े होकर यात्रा करने के लिए मजबूर हैं, वहीं लंबी दूरी की मेल, सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों में लोगों को बमुश्किल आरक्षण मिल पा रहा है। ऐसे में लोगो को खासी मशक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिवाली और छठ से ज्यादा भीड़ अब ट्रेनों में नजर आ रही है। कटनी रेलवे जंक्शन से होकर वाली सभी मेल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही है। इन ट्रेनों में इतनी भीड़ है कि यात्रियों का रिजर्वेशन टिकट होते हुए भी उन्हें अपनी सीटों पर यात्रा करने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ट्रेनों में सीट कन्फर्म होने के बावजूद यात्रियों को अपनी सीट के लिए रेलवे हेल्पलाइन पर शिकायत करना पड़ रहा है। दरअसल कोरोना प्रोटोकॉल के कारण पीएनआर टिकट यदि कन्फर्म नहीं है तो ट्रेनों में यात्री यात्रा नहीं कर सकता लेकिन इस भयंकर भीड़ में ये सब प्रोटोकॉल बिलकुल फॉलो नहीं किए जा रहे हैं। आलम ये है कि एक कोच में 72 से 80 बर्थ यात्री और उतने ही वेटिंग यात्री सफर कर रहे हैं, वहीं टिकट नहीं मिलने के कारण कई लोगों को वेटिंग टिकट पर ही यात्रा करनी पड़ रही है।

### मेल, जनता और महानगरी में सबसे ज्यादा भीड़

हावड़ा से मुंबई के बीच चलने वाली मेल, लोकमान्य तिलक टर्मिनस से पटना के बीच चलने वाली जनता एक्सप्रेस और वाराणसी से मुंबई के बीच चलने वाली महानगरी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। आलम यह है कि वेटिंग टिकट पर भी यात्री सफर कर रहे हैं और जनरल बोगियों में भी यात्रियों की खचाखच भीड़ चल रही है। जनता एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में भी पैर रखने तक की जगह नहीं है, जिससे स्लीपर कोच जनरल की तरह और एसी कोच का हाल स्लीपर की तरह हो चुका है।

# वर्षों से फरार तीन वारंटी गिरफ्तार

**स्लीमनाबाद व एनकेजे पुलिस की कार्रवाई**

**कटनी।** एनकेजे व स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा तीन फरार वांटियों को गिरफ्तार किया गया है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि टीम गठित कर मैहर जिला सतना वारंटियो की तलाश के लिए भेजा गया। जिसमें आरोपी बदेरा थाना अंतर्गत ग्राम आजमाईन निवासी 42 वर्षीय रामगरीब दाहिया एवं 44 वर्षीय विजयराज पटेल पिता बालादीन पटेल को 8 घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद मैहर देवी के मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक राजेश कोरी, प्रधान आरक्षक आशीष आर्मो, अंकित दुबे, आरक्षक रोहित सिंह एवं थाना मैहर से आरक्षक शिवम तिवारी एवं आरक्षक अनिल सिंह की भूमिका रही। वहीं एनकेजे थाना क्षेत्र से स्मैक रखने के मामले में पिछले सात साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एनकेजे थाना क्षेत्र से पिछले सात साल से फरार स्थाई वारंटी ललित गुप्ता को दुर्गा चौक के पास से गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, प्रधान आरक्षक आरिफ हुसैन, शशिकांत करोसिया, आरक्षक दीपक तिवारी, चंद्रेश लुटेस की भूमिका रही।


JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यशभारत हैल्पलाइन
अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टैनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
नोट- बीपीएल कार्ड वालों को परामर्श शुल्क में विशेष छूट
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने, झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें www.yashbharat.com

दुनिया का नं.1 ब्रांड SAMSUNG
UPSIZE NOW
UP To 22.5% Additinal Cash Back 0% Finance Scheme Exchange Offer
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा
सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

इ्यूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call - 9770037027

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR Making India Beautiful | Reliance digital | TRENDS GET THEM TALKING
PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA
GALAXY GAME ZONE | City Pride Cinema | Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant | GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री LIFESTYLE
कोट सूट।।शेरवानी।।इंडो वेस्टर्न।।ब्लेजर।।कुर्ता जैकेट
MUFTI | BLACKBERRYS | OCTAVE | KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)